कलेक्टर ने दिया अल्टीमेटम : 1 जून से खुले में नहीं बिकेगा चिकन

कलेक्टर ने खुले में चिकन बिक्री की स्थिति का अवलोकन किया, खुले में चिकन बिक्री पर प्रशासन सख्त

नवभारत न्यूज

सीधी 17 मई। शहर में खुले में चिकन बिक्री को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर 1 जून से मीट मार्केट में ही कारोबार करने का अल्टीमेटम कलेक्टर ने दिया है। कलेक्टर ने खुले में चिकन बिक्री की स्थिति का अवलोकन किया और खुले में चिकन बिक्री पर प्रशासन का सख्त रुख सामने आया।

शहर में स्वच्छता और जनस्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने शहर क्षेत्र का आज सुबह निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था, सार्वजनिक स्वास्थ्य और नगरीय प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सीएमओ प्रिया पाठक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने चिकान मोहल्ला पहुंचकर खुले में चिकन बिक्री की स्थिति का अवलोकन किया। जनस्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए खुले में चिकन बिक्री करने वाले विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि 1 जून से वार्ड क्रमांक 6 स्थित निर्धारित मीट मंडी में ही चिकन बिक्री की जाएगी। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि निर्धारित स्थान के अलावा खुले में बिक्री करने पर संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि शहर में स्वच्छता बनाए रखना और नागरिकों को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। खुले में मांस बिक्री से स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, इसलिए इस व्यवस्था को व्यवस्थित किया जा रहा है।

नवभारत द्वारा लगातार उठाई जा रही है समस्या

मुख्यमंत्री के निर्देश का उल्लघंन : सड़क किनारे खुले में बिक रहा मांस

मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश के बावजूद सीधी शहर के सम्राट चौक, लालता चौक में सड़क किनारे खुलेआम बिक और कट रहा मांस

खुले में मांस एवं मछली बिक्रय पर रोक

मुख्यमंत्री के दरबार निर्देश का भी नहीं हो रहा पालन

आदेश का ये-लोग या अमल की असलता : विधि

इनका कहना है

सीधी शहर के लालता चौक, बाजार क्षेत्र एवं मुख्य सड़कों के किनारे खुले में सड़क किनारे बिक रहे मीट को लेकर नवभारत द्वारा लगातार समस्या उठाई जा रही है। यहां तक कि मुख्यमंत्री के निर्देश का उल्लंघन कर सड़क किनारे खुले में बिक रहे मीट की समस्या को नवभारत द्वारा खबर प्रकाशन कर 10 मार्च 2026 को जिला प्रशासन के समक्ष रखा था, फिर भी कोई सार्थक कार्रवाई न होने से खुले में मीट बिक्री का कारोबार सीधी शहर में फैलता रहा।

6 साल से शो पीस बना है लाखों का मीट मार्केट

शहर में खुले में मांस बिक्री को प्रतिबंधित करने के लिये नगर पालिका प्रशासन द्वारा 6 साल पहले प्रधान डाकघर के पीछे लाखों की लागत से सर्वसुविधायुक्त मीट मार्केट का निर्माण मीट कारोबारियों से चर्चा कर उनकी सुविधा के अनुसार कराया गया था। मीट मार्केट का निर्माण पूर्ण होने के बाद कई कारोबारियों को स्थल का आवंटन भी कर दिया गया था। जब विस्थापन की बारी आई तो मीट कारोबारियों द्वारा तरह-तरह की बहानेबाजी करना शुरू कर दिया गया। उस दौरान प्रशासन का सहयोग न मिलने के कारण बाजार क्षेत्र से मीट कारोबारियों का विस्थापन नहीं हो पाया।

सूखा नाला के किनारे से हटेंगे अतिक्रमण

कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज सूखा नाला के किनारे किए गए अतिक्रमण का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अतिक्रमण चिन्हित कर शीघ्र हटाने के निर्देश दिए ताकि शहर की साफ-सफाई, जल निकासी व्यवस्था और यातायात प्रभावित न हो। इसके लिये जल्द कार्रवाई के लिये कहा गया है।

राष्ट्रीय लोक संगीत महोत्सव 27 से, अगहार में होगा भव्य आयोजन

तीन दिवसीय महोत्सव में लोक कलाकार देंगे प्रस्तुति

नवभारत न्यूज

सीधी 17 मई। जिले के जनपद पंचायत रामपुर नैकिन अंतर्गत हत्था अगहार में तीन दिवसीय राष्ट्रीय लोकरंग महोत्सव का आयोजन उत्थान सामाजिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति सीधी व मान्या लोक संगीत अकादमी सीधी के सौजन्य से होने जा रहा है। जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकार एवं विंध्य क्षेत्र के चर्चित लोक कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

उक्त महोत्सव के आयोजक अनिल शुक्ला संचालक अनिल ट्रेडर्स एवं इंटरप्राइजेज अगहार ने बताया कि उत्थान सामाजिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति सीधी के द्वारा वर्ष 2015 से निरंतर 2022 तक ग्राम अगहार में बाणभट्ट राष्ट्रीय लोक संगीत एवं नाट्य महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है। किन्तु विगत कुछ वर्षों से ग्राम अगहार में आयोजन न होने से क्षेत्र की आम जनमानस की लगातार मांग की जाती रही है। जिसको देखते हुए हम सभी लोगों ने समिति से चर्चा कर पुन: राष्ट्रीय स्तर का आयोजन कराने जा रहे हैं। उक्त आयोजन में केडी सिंह पूर्व जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत रामपुर नैकिन, आशुतोष शुक्ला शकुंतला पैलेश अगहार, ऋषिराज मिश्रा उपाध्यक्ष जपं रामपुर नैकिन, सुनील सिंह सीएस कंधवार, ओमप्रकाश शुक्ला आर्यन मोटर्स रामपुर नैकिन, रोहित शुक्ला चार्टर्ड एकाउंटेंट अगहार, संजय तिवारी संविदाकार डिठौरा, विनोद त्रिपाठी लेहेचुआ, शिवानंद पाण्डेय गड़हरा, प्रशांत सिंह बघवार, लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता हिमांशु ट्रेडर्स रैदुअरिया, प्यारेलाल अगहार, पंकज गुप्ता, गनपत गुप्ता, रामा गुप्ता रैदुअरिया, रमेश गुप्ता, गोविंद प्रसाद गुप्ता कपुरी कोठार, सुनील गुप्ता भैंसरहा का विशेष सहयोग मिल रहा है। राष्ट्रीय लोक संगीत महोत्सव के प्रथम दिवस 27 मई को बघेली लोकगीतों की प्रस्तुति राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय, जिले के ख्यातिप्राप्त लोक गायक नरेन्द्र बहादुर सिंह, कपिल तिवारी, लोकगायिका विद्या द्विवेदी, सृष्टि तिवारी की प्रस्तुति होगी। द्वितीय दिवस 28 मई को बनारस उ.प्र. की राष्ट्रीय लोकगायिका अंशिका सिंह, बक्सर बिहार के लोकगायक नवीन नीतेश पाण्डेय, सतना के भजन गायक बाल कलाकार प्रत्युष द्विवेदी की प्रस्तुति होगी। महोत्सव के समापन के अवसर पर 29 मई को बृजेश शर्मा व्यास राष्ट्रीय भजन गायक बृंदावन उ.प्र. के द्वारा श्रीराधाकृष्ण भजन एवं रासलीला की प्रस्तुति दी जाएगी। देश की चर्चित वृंदावन की श्रीराधाकृष्ण रासलीला मंडली के कलाकारों द्वारा रासलीला का मंचन किया जाएगा।

भारत को मजबूत बनाने के लिए घर-घर स्वदेशी को अपनाने की आवश्यकता : रीती

विचार वर्ग एवं परिचय सम्मेलन आयोजित, हर घर स्वदेशी का दिया नारा

नवभारत न्यूज

सीधी 17 मई। इन दिनों स्वदेशी वस्तुओं को बाजार में बढ़ावा देने का मुख्य कारण देश की अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाना है। उक्त बातें प्रमोद कुमार मिश्र संयोजक स्वदेशी जागरण मंच ने कही।

उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु विगत दिवस जिला मुख्यालय में बृहद रूप से कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन तथा सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम उपभोक्ताओं को देश के प्रधानमंत्री का संदेश स्वदेशी अपनाओ एवं जागरूक बनो दिया गया। साथ ही स्वादेशी एवं विदेशी वस्तुओं की सूची प्रसारित की गयी जिसके माध्यम से हर एक उपभोक्ता जब बाजार जाये तो उसे आसानी से ज्ञात हो सके कि उसके द्वारा क्रय की गयी सामग्री का पैसा देश में रहेगा या फिर विदेश जायेगा। मंच द्वारा मौजूदजनो को उक्त सूची अधिक से अधिक प्रसारित करने का दायित्व सौंपा गया। प्रमोद कुमार मिश्र अधिवक्ता संयोजक स्वदेशी जागरण मंच सीधी ने आगे बताया कि स्वदेशी जागरण मंच महाकौशल प्रांत के निर्देशानुसार जिला विचार वर्ग एवं परिचय सम्मेलन के आयोजन में मुख्य अतिथि श्रीमती रीती पाठक विधायक सीधी, कार्यक्रम अध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा समन्वयक स्वाबलंबी भारत अभियान, मुख्य वक्ता एड.आशुतोष गुप्ता जिला विचार प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच, डॉ.श्रवण शुक्ला सहसंयोजक स्वदेशी जागरण मंच, इंजी.अशोक मिश्रा स्वाबलंबी भारत अभियान एवं अधिवक्ता श्रीमती निशा मिश्रा ने स्वदेशी, स्वावलंबन, सुरक्षा, स्वरोजगार विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला। विधायक सीधी ने कहा कि स्वदेशी एक वस्तु नहीं एक विचार है। वैश्विक अस्थिरता के समय में भारत को मजबूत बनाने के लिए घर-घर स्वदेशी को अपनाने की आवश्यकता है। भारतीय संस्कृति भारत को विश्वगुरु बनाने महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। देश के प्रधानमंत्री के आह्वान को सार्थक करने के लिए स्वाबलंबी को घर-घर पहुंचने की आवश्यकता है। रीती पाठक द्वारा स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.हरविलास गुप्ता ने किया एवं आभार व्यक्त अधिवक्ता बी.के. शुक्ला ने किया। उक्त कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रॉयल राजपूत संगठन ने जताया आभार

सीधी 17 मई। रॉयल राजपूत संगठन सीधी द्वारा हिंदू हृदय सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती के सफल एवं भव्य आयोजन के उपरांत समस्त समाजबंधुओं, वरिष्ठजनों, मातृशक्ति, युवा साथियों, मीडिया प्रतिनिधियों, पत्रकार बंधुओं तथा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी सम्मानित जनों का प्रदेश संगठन मंत्री विक्रम सिंह ने हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

रोहिणी प्रसाद पाण्डेय लापता

सीधी 17 मई। कोतवाली थानांतर्गत महराजपुर गांव से एक युवक के लापता होने के 21 दिन बाद भी कोई सुराग न मिलने से परिजन परेशान है। परिजनों के अनुसार रोहिणी प्रसाद पाण्डेय पिता जमुना प्रसाद पाण्डेय उम्र 35 वर्ष निवासी महाराजपुर 25 अप्रैल को दोपहर करीब 3 बजे घर से निकले हैं, अभी तक कोई सुराग नहीं मिला। लापता रोहिणी प्रसाद पाण्डेय की हाइट 5 फिट और गोरा रंग है। तत्संबंध में कोतवाली थाना में गुमशुदगी क्रमांक 0073/2026 भी दर्ज कराई गई है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हुआ श्रमदान कार्य

नवभारत न्यूज

रामपुर नैकिन 17 मई। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आज विशेष श्रमदान कार्य सुपर संडे महाअभियान चलाया गया।

जल ही जीवन है के तहत बढ़ता हुआ लोगो का कारवां आज महाअभियान पर्व में प्रमुख रूप से सक्रिय नगर पंचायत अध्यक्ष श्री रामकुमार साहू, सामाजिक कार्यकर्ता मथुरा प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी शंकर सोनी, परामर्शदाता रामनिवास सोनी, रानू मिश्रा, सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राएं, ग्रामीण जन एवं मातृ शक्तियों ने महत्वपूर्ण योगदान कर श्रमदान कार्य किया। विशेष अभियान में जन अभियान परिषद से संबंधित जन जीवन सेवा समिति रामपुर नैकिन के सचिव अर्चना शुक्ला, सदस्य सुभाष मिश्रा, संतोष जी ने सहभागिता कर आम जनमानस से अपील किया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से अपील पर आगामी 30 जून तक श्रमदान हेतु सभी आमंत्रित हैं।

सड़क पर बाड़ी लगाकर कब्जा, मांग के बाद भी कार्रवाई नहीं

नवभारत न्यूज

चुरहट 17 मई। जिले के चुरहट क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़खरा 734 में सार्वजनिक निस्तार के सड़क मार्ग पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत स्थानीय ग्रामीणों ने वरिष्ठ अधिकारियों से की है लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

कुछ समय पहले ही सरपंच शीला रावत ने एसडीएम चुरहट को पत्र लिखकर कहा था कि बड़खरा बड़ा टोला में आदिवासी और साहू बस्ती की ओर जाने वाले मार्ग में अतिक्रमण है। पूर्व में उक्त सड़क का निर्माण भी कराया गया था जिसके ऊपर बाड़ी बनाकर मार्ग को संकरा कर दिया गया है। जिसकी वजह से बीमार होने की स्थिति में एम्बुलेंस एवं आपात स्थिति में फायर ब्रिगेड आदि नहीं पहुंच पाते। इस कारण गांव की बड़ी संख्या में आबादी प्रभावित है। स्थानीय निवासी दशरथ साहू ने बताया कि कलेक्टर, एसडीएम सहित सभी जिम्मेदारों से मांग उठाई गई है क्योंकि इस अतिक्रमण की वजह से गांव में विवाद की स्थिति बनती है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत सड़क का नया निर्माण करने को तैयार है लेकिन अतिक्रमण की वजह से मामला रुका हुआ है। इस पर कार्रवाई नहीं होगी तो बस्ती के लोग कलेक्टर कार्यालय के सामने धरने के लिए भी बाध्य होंगे।

कुसमी में मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण

सीधी 17 मई। जनगणना कार्य में कुसमी चार्ज ने जिले में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए सबसे पहले 100 प्रतिशत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह सफलता सीमित संसाधनों और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद टीम के समर्पण, मेहनत और मजबूत कार्यशैली का परिणाम है। कुसमी क्षेत्र में अन्य चार्ज की तुलना में सुविधाएं और संसाधन अपेक्षाकृत कम होने के बावजूद यहां के अधिकारियों, प्रगणकों और पर्यवेक्षकों ने कर्तव्यनिष्ठा और दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करते हुए समय पर लक्ष्य प्राप्त किया।

मीडिया प्रतिनिधियों के लिए नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

सीधी 17 मई। कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय के न्यू एमसी विंग में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए विशेष नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। समाज के जागरूक प्रहरी माने जाने वाले मीडिया कर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस शिविर में व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण के साथ आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

शिविर में मीडिया प्रतिनिधियों की ब्लड प्रेशर (बीपी), शुगर, हीमोग्लोबिन एवं ईसीजी जांच की गई। साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस पहल का उद्देश्य मीडियाकर्मियों के स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता दर्शाना और उनके बेहतर स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना रहा।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बबिता खरे, सिविल सर्जन डॉ.एस.बी. खरे, चिकित्सा अधिकारी डॉ.अविनाश जॉन धार्वे, डॉ.हिमेश पाठक, डॉ.आशीष भारती, डॉ.अतुल पाण्डेय एवं डॉ.अनुराग पॉल उपस्थित रहे। शिविर की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने में लैब टेक्नीशियन संजय पाण्डेय, पुष्पराज त्रिपाठी, अनुराग पयासी तथा मेल नर्सिंग ऑफिसर संजय रावत की सक्रिय भूमिका रही। स्वास्थ्य शिविर में मीडिया प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की इस जनहितैषी पहल की सराहना करते हुए इसे उपयोगी और प्रेरणादायक प्रयास बताया।

नाटक सखा, पारम्परिक काली खप्पर नृत्य एवं भजन गायन की प्रस्तुतियां

भजन गायन में गौरव राजपूत की प्रस्तुति ने बांधा भक्तिमय समां, विवेकानंद सभागार टाटा कॉलेज परिसर में हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

सीधी 17 मई। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित 3 दिवसीय बहुभाषीय नाट्य महोत्सव 2026 के द्वितीय दिवस में नाटक सखा पारम्परिक काली खप्पर नृत्य एवं भजन गायन की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 7 बजे से विवेकानंद सभागार टाटा कॉलेज परिसर सीधी म.प्र. में आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एएसपी अरविन्द श्रीवास्तव रहे, जबकि अध्यक्षता संस्था संरक्षक डॉ.अनूप मिश्र ने की। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुक्ताकाशी मंच पर पारंपरिक अनुष्ठान एवं हवन-पूजन के साथ काली खप्पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इन्द्रवती लोक कला ग्राम हस्तिनापुर द्वारा प्रस्तुत इस लोकनृत्य ने बघेली लोक संस्कृति और पारंपरिक आस्था की अद्भुत छटा बिखेरी। प्रस्तुति संयोजन मनिराज कोल के निर्देशन में कलाकारों ने पारम्परिक वेशभूषा, लोकधुनों और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के माध्यम से दर्शकों को लोकजीवन की जीवंत अनुभूति कराई। काली खप्पर नृत्य में मनिराज कोल, छोटेलाल रावत, इंदल कोल, कृष्णा कोल, प्रदीप प्रजापति, रज्जन कोल, शंकर कोल, मंशू कोल, कुसुमकली कोल तथा मुन्नी कोल ने प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इसके बाद गणेश वंदना एवं राम भजन गायन की प्रस्तुति ने पूरे सभागार को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। जबलपुर के गौरव राजपूत ने अपनी मधुर एवं भावपूर्ण गायकी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। हारमोनियम पर सृजन मिश्र एवं तबले पर समर्थ चौहान ने संगत देकर प्रस्तुति को और अधिक प्रभावशाली बनाया। दर्शकों ने कलाकारों की प्रस्तुति पर तालियों से उत्साहवर्धन किया। इसके पश्चात दिल्ली की संस्था अछिंजल द्वारा हिन्दी/मैथिली भाषा के नाटक सखा की प्रस्तुति दी गई। इसका लेखन एवं निर्देशन काश्यप कमल ने किया। मंच पर काश्यप कमल एवं सुनीता झा ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया। प्रस्तुति का मुख्य भाव स्त्री और पुरुष संबंधों की नई परिभाषा गढ़ना रहा, जिसमें दाम्पत्य और मित्रता के मानवीय गुणों का समिश्रण दिखाई दिया। प्रस्तुति में प्रशांत कुमार मंडल द्वारा संगीत संचालन किया गया जबकि रजनीश द्वारा प्रकाश संचालन एवं प्रजीत कुमार साकेत द्वारा मंच व्यवस्था का दायित्व निभाया गया।

कार्यक्रम में इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम में आयोजन समिति से नीरज कुंदेर, रोशनी प्रसाद मिश्र, गौरव अवधिय, अखिलेश चतुर्वेदी, प्रवीण सिंह, रजनीश जायसवाल, प्रजीत साकेत, श्रवण मिश्र, सृजन मिश्र, अनुभूति कुंदेर, अभिनय कुंदेर, प्रहलाद कुमार मिश्र, प्रियांशु मिश्र एवं प्रकाश मिश्र की उपस्थिति रही। साथ ही शहर के कई गणमान्य नागरिक एवं सुधी दर्शक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। आयोजन में सिद्धभूमि इंटरनेशनल स्कूल पनवार सीधी, रमा बल्देव पैलेस सीधी, एक्सट्रीम आर्ट एंड एजुकेशनल सोसायटी सीधी तथा टाटा कॉलेज सीधी का विशेष सहयोग रहा।